राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

भगवान शिव का अभिषेक कर सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

राज्यपाल ने राज राजेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की

जयपुर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने श्रावण के सोमवार को लोकभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। राज्यपाल ने भगवान शिव का विधिवत अभिषेक किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

*लोकभवन के निकट स्थित पार्क पहुंचे राज्यपाल, वृक्षारोपण किया और बच्चों से बतियाए*

राज्यपाल सोमवार को औचक लोकभवन के निकट पार्क पहुंचे। उन्होंने पार्क में घूमने वाले लोगों से अनौपचारिक संवाद किया। वहां खेल रहे बच्चों से भी बतियाए। उन्होंने बच्चों को खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने इससे पहले पार्क में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने सभी को पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने पर भी जोर दिया।






SOFT RAY!

